Series CAB2D/2

**SET-2**

प्रश्न-पत्र कोड **3/2/2**

रोल नं.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15** हैं ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **17** प्रश्न हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# हिन्दी (अ)
# HINDI (A)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 80*

**सामान्य निर्देश :**

**निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :**

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल **17** प्रश्न हैं । सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* *इस प्रश्न-पत्र में **दो** खंड हैं – **खंड-'अ'** और **खंड-'ब'**। **खंड-'अ'** में बहुविकल्पी/वस्तुपरक और **खंड-'ब'** में वर्णनात्मक प्रश्न दिए गए हैं ।*

*(iii)* ***खंड 'अ'** में कुल **10** प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या **44** है । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए **40** उपप्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।*

*(iv)* ***खंड-'ब'** में कुल **7** प्रश्न हैं । सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं । निर्देशानुसार विकल्प का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।*

*(v)* *प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए ।*

*(vi)* *यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए ।*

## खंड – अ

## (बहुविकल्पी/वस्तुपरक प्रश्न)

1. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **5 × 1 = 5**

हमीं ने दिया शांति संदेश, सुखी होते देकर आनंद ।
विजय लोहे की नहीं, धर्म की रही धरा पर धूम ।
यवन को दिया दया का दान, चीन को मिली धर्म की दृष्टि ।
मिला था स्वर्ण भूमि को रत्न, शील को सिंहल को भी सृष्टि ।
किसी का हमने छीना नहीं, प्रकृति का रहा पालना यहीं ।
हमारी जन्मभूमि थी यहीं, कहीं से हम आए थे नहीं ।
जातियों का उत्थान, पतन, आँधियाँ, झड़ी, प्रचंड समीर ।
खड़े देखा, झेला हँसते, प्रलय में पले हुए हम वीर ।
चरित के पूत भुजा में शक्ति, नम्रता रही सदा संपन्न ।
हृदय के गौरव में था गर्व, किसी को देख न सके विपन्न ।
हमारे संचय में था दान, अतिथि थे सदा हमारे देव ।
वचन में सत्य, हृदय में तेज़, प्रतिज्ञा में रहती थी टेव ।

(i) 'आँधियाँ, झड़ी, प्रचंड समीर' पंक्ति में 'आँधियाँ और प्रचंड समीर' प्रतीकार्थ हैं –

(A) देश में समय-समय पर आए प्राकृतिक आपदाओं का ।

(B) देश में समय-समय पर भारतीयों द्वारा प्रदर्शित वीरता का ।

(C) देश में समय-समय पर भारतीयों में आए पतन का ।

(D) देश में समय-समय पर आए भीषण संकटों का ।

(ii) 'विजय केवल लोहे की नहीं, धर्म की रही धरा पर धूम' का आशय है –

(A) धरती पर अस्त्र-शस्त्रों से विजय प्राप्त की जाती है, धर्म से नहीं ।

(B) धर्म के मार्ग पर चलकर ही लोगों को जीता जा सकता है ।

(C) धर्म के मार्ग पर चलकर ही लोगों को जीता जा सकता है, अस्त्र-शस्त्रों से नहीं ।

(D) धरती पर धर्म की ध्वजा फहरानी चाहिए अस्त्र-शस्त्रों की नहीं ।

(iii) 'हमीं ने दिया शांति संदेश' में 'हमीं' किसके लिए प्रयुक्त हुआ है ?

(A) कवि के लिए (B) भारतवासियों के लिए

(C) लेखक के लिए (D) बुद्ध के लिए

(iv) काव्यांश के आधार पर अनुपयुक्त विकल्प छाँटकर लिखिए :

(A) भारत में सबके लिए भिक्षाटन की परंपरा रही है ।

(B) यहाँ राजा भी निर्लिप्त भाव से रहते आए हैं ।

(C) भारतीय शक्तिशाली होते हुए भी विनम्र हैं ।

(D) भारत पर प्रकृति की सदा अनुकम्पा रही है ।

(v) कथन और कारण पर विचार करते हुए सही विकल्प चुनकर लिखिए :

**कथन** : भारत सदा से एक शांतिप्रिय देश रहा है ।

**कारण** : भारत ने कभी विदेशी आक्रमणों का डटकर सामना नहीं किया ।

(A) कथन सही है, किंतु कारण गलत है ।

(B) कथन गलत है, किंतु कारण सही है ।

(C) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण कथन की सही व्याख्या करता है ।

(D) कथन एवं कारण दोनों सही हैं किंतु कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं है ।



केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड दिल्ली असतो मा सद्गमय
collegedunia

2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **5 × 1 = 5**

तकनीक की एक विशेषता यह होती है कि जब वह सबके पास पहुँच जाती है, तो अपनी हैसियत खो देती है । व्यापार जगत पर नई तकनीक के लिए दबाव बनने लगते हैं और समाज भी उसके लिए तैयार हो जाता है । टी.वी. के साथ भी कुछ ऐसा ही हो रहा है । समाज से बेशक टेलीविज़न खत्म नहीं हुआ, लेकिन जिस अर्थ में इसको हमारे समाज ने परिभाषित किया था, उस अर्थ में यह अपना वजूद काफ़ी तेजी से खो रहा है । टी.वी. का परंपरागत रूप वह है, जिसमें कुछ चैनल होते हैं । एक निश्चित समय पर उनके कार्यक्रम होते हैं और उन कार्यक्रमों को देखने के लिए आपको उस समय उसके सामने बैठना होता है । बदलते समय के साथ जो कुछ हम टी.वी. पर देखते थे, वह अब हमें अपने मोबाइल, लैपटॉप, टैबलेट पर भी देखने को मिलता है ।

अक्सर जब हम भविष्य की कल्पना करते हैं, तो हमारे आस-पास जो भी कुछ उपलब्ध होता है, उसी के आधार पर आगे की सुध लेते हैं । किसने सोचा था कि स्मार्टफोन नाम की एक चीज आएगी और सब कुछ बदल जाएगा । आज जो टेलीविज़न-सेट बाज़ार में मिलते हैं, वे सब स्मार्टफोन की नकल करते दिखाई देते हैं । उन्हें कहा भी स्मार्ट टी.वी. ही जाता है । वे तेज़ी से स्मार्टफोन का व्याकरण और गणित अपनाते जा रहे हैं । पारंपरिक टी.वी. हमारी जरूरतों पर पूरा नहीं उतर रहा, इसलिए धीरे-धीरे विदा हो रहा है । हमारी यात्रा जिस जगह पहुँच चुकी है, वहाँ किसी भी 'बुद्धू-बक्से' को तब तक स्वीकार नहीं किया जा सकता, जब तक वह स्मार्ट न हो जाए ।

(i) गद्यांश के आधार पर परंपरागत टेलीविज़न के वजूद खोने का कारण है –
   (A) क्षेत्रीय भाषाओं में प्रसारण की सुविधा का न होना ।
   (B) अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रमों के प्रसारण की सुविधा का न होना ।
   (C) सीमित चैनलों पर आने वाले सीमित कार्यक्रम ।
   (D) सीमित चैनलों पर निश्चित समय पर आने वाले कार्यक्रम ।

(ii) गद्यांश के अनुसार, भविष्य की कल्पना का आधार क्या होता है ?
   (A) अतीत की उपलब्धि
   (B) वर्तमान की उपलब्धि
   (C) विकसित देशों की उपलब्धि
   (D) विकासशील देशों की उपलब्धि

(iii) 'स्मार्ट टी.वी.' कहा जाता है –
   (A) सुंदर, सजीले, शोभनीय टी.वी. को
   (B) पारंपरिक टी.वी. से भिन्न आधुनिक टी.वी. को
   (C) आधुनिक तकनीकी सुविधा से युक्त टी.वी. को
   (D) स्मार्टफोन की तकनीक उपलब्ध कराने वाले टी.वी. को



केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड दिल्ली असतो मा सद्गमय
collegedunia

(iv) 'बुद्धू बक्सा' संकेतार्थ है –

(A) रेडियो का (B) टी.वी. का

(C) टेप रिकार्डर का (D) वीडियो प्लेयर का

(v) निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यान से पढ़िए तथा उचित विकल्प का चयन कर लिखिए :

**कथन** : सबके पास पहुँचने पर तकनीक अपना मूल्य खोने लगती है ।

**कारण** : लोग उससे बेहतर तकनीक की उम्मीद करने लगते हैं ।

(A) कथन तथा कारण दोनों गलत हैं ।

(B) कारण सही है, लेकिन कथन गलत है ।

(C) कथन सही है, लेकिन कारण कथन की गलत व्याख्या करता है ।

(D) कथन तथा कारण दोनों सही हैं तथा कारण कथन की सही व्याख्या करता है ।

3. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य-भेद' पर आधारित **पाँच** बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **4 × 1 = 4**

(i) 'उस स्थान पर ऊपर से करील की घनी छाँह थी और चारों ओर तेज़ धूप के वृत्त ।' इस वाक्य का सरल वाक्य होगा –

(A) उस स्थान पर ऊपर से करील की घनी छाँह भी थी और उसके साथ धूप भी थी ।

(B) वहाँ जो स्थान था वह ऊपर से करील की घनी छाँह और धूप के वृत्त से युक्त था ।

(C) उस स्थान पर ऊपर से करील की घनी छाँह के साथ चारों ओर से तेज़ धूप के वृत्त भी थे ।

(D) वहाँ चारों ओर तेज़ धूप के वृत्त थे और ऊपर से करील की घनी छाँह भी थी ।

(ii) 'हम सबके मन में उनकी स्मृति आजीवन रहेगी ।' – इस वाक्य का संयुक्त वाक्य है –

(A) हम सबके मन में उनकी स्मृति है और आजीवन बनी रहेगी ।

(B) आजीवन उनकी स्मृति हम सबके मन में बनी रहेगी ।

(C) उनकी जो स्मृति हम सबके मन में है, वह आजीवन बनी रहेगी ।

(D) हम सबके मन में जो उनकी स्मृति है वह आजीवन बनी रहेगी ।



केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड दिल्ली असतो मा सद्गमय
collegedunia

(iii) 'सर्वेश्वर जी के लिखे स्तंभ में बेबाक सच कहने का साहस दिखता है ।' इस वाक्य का मिश्र वाक्य होगा –

(A) सर्वेश्वर जी स्तंभ लिखते थे और उसमें बेबाक सच कहने का साहस दिखता है ।

(B) सर्वेश्वर जी द्वारा लिखे स्तंभ में बेबाक सच कहने का साहस दिखता है ।

(C) सर्वेश्वर जी जो स्तंभ लिखते थे उसमें बेबाक सच कहने का साहस दिखता है ।

(D) बेबाक सच कहने का साहस सिर्फ़ सर्वेश्वर जी के लिखे स्तंभ में दिखता है ।

(iv) निम्नलिखित वाक्यों में से सरल वाक्य पहचानकर नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाला विकल्प चुनकर लिखिए :

1. इलाहाबाद की सड़कों पर फ़ादर की साइकिल चलती दीख रही है ।
2. मैंने यह पढ़ लिया है और मैं कुछ बताना चाहता हूँ ।
3. उनमें अपने हर एक प्रियजन के लिए स्नेह उमड़ता रहता था ।
4. फ़ादर बुल्के एक संन्यासी थे परंतु पारंपरिक अर्थ में नहीं ।

(A) 2 और 3

(B) 1 और 3

(C) 4 और 3

(D) 2 और 4

(v) स्तंभ-1 को स्तंभ-2 से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प का चयन कर लिखिए :

| | **स्तंभ-1** | | **स्तंभ-2** |
|---|---|---|---|
| 1. | उनकी शर्त मान ली गई और वे भारत आ गए । | I. | सरल वाक्य |
| 2. | सब छोड़कर वे संन्यासी होने के लिए गुरु के पास गए । | II. | संयुक्त वाक्य |
| 3. | वहाँ जो शांति बरसती थी वह उनके चेहरे पर थिर थी । | III. | मिश्र वाक्य |

(A) (1) – (I); (2) – (III); (3) – (II)

(B) (1) – (III); (2) – (II); (3) – (I)

(C) (1) – (II); (2) – (III); (3) – (I)

(D) (1) – (II); (2) – (I); (3) – (III)



collegedunia

4. निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित **पाँच** बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए : **4 × 1 = 4**

(i) 'अंबर पनघट में डुबो रही, तारा घट उषा नागरी ।' – इस पंक्ति में कौन-सा अलंकार प्रयुक्त हुआ है ?

(A) यमक (B) मानवीकरण

(C) श्लेष (D) उत्प्रेक्षा

(ii) "जे रहीम गति दीप की, कुल कपूत गति सोय ।
बारे उजियारो करै, बढ़े अंधेरो होय ।।"
– इन काव्य-पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार है –

(A) मानवीकरण (B) उत्प्रेक्षा

(C) श्लेष (D) यमक

(iii) निम्नलिखित काव्य-पंक्तियों में से कौन सी काव्य-पंक्ति मानवीकरण अलंकार का उदाहरण है ?

(A) है टूट पड़ा भू पर अंबर

(B) पुरइनि पात रहत जल भीतर, ता रस देह न दागी

(C) कै पग में पनही न हती, कहँ लै गजराजहु ठाढ़े महावत ।

(D) फूटे हैं आमों में बौर, भौंर वन-वन टूटे हैं ।

(iv) 'राणा की पुतली फिरी नहीं, तब तक चेतक मुड़ जाता था ।' – इस काव्य-पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार है –

(A) अतिशयोक्ति (B) उत्प्रेक्षा

(C) श्लेष (D) मानवीकरण

(v) 'सतसइया के दोहरे ज्यों नाविक के तीर ।
देखन में छोटे लगै, घाव करें गंभीर ।।'
– इस काव्य-पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार है –

(A) यमक (B) श्लेष

(C) उत्प्रेक्षा (D) मानवीकरण



केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड दिल्ली असतो मा सद्गमय
collegedunia

5. निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित **पाँच** बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प छाँटकर लिखिए : **4 × 1 = 4**

(i) 'लेखक ने सरकारी नौकरी से त्यागपत्र दे दिया ।' इस वाक्य का वाच्य पहचानकर लिखिए :

(A) कर्तावाच्य (B) कर्मवाच्य

(C) भाववाच्य (D) कर्तृवाच्य

(ii) निम्नलिखित वाक्यों में भाववाच्य का उदाहरण वाक्य नहीं है :

(A) इस मोर से उड़ा नहीं जाता । (B) मोहित बहुत सुरीला गा पाता है ।

(C) दादाजी से पैदल चला नहीं जाता । (D) चलो, अब यहाँ से चला जाए ।

(iii) 'द्विवेदी जी द्वारा स्त्रियों को शिक्षा देने की वकालत की गई ।' – यह वाक्य किस वाच्य का उदाहरण है ?

(A) कर्मवाच्य (B) क्रियावाच्य

(C) भाववाच्य (D) कर्तृवाच्य

(iv) निम्नलिखित वाक्यों में 'कर्मवाच्य' पहचानकर नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाला विकल्प चुनकर लिखिए :

1. कमलेश्वर ने आत्मकथा, यात्रा–वृत्तांत और संस्मरण भी लिखे हैं ।
2. मधु कांकरिया ने कोलकाता विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में एम.ए. किया ।
3. उनके द्वारा युवावर्ग की समस्याओं को केंद्र में रखा गया ।
4. रुद्र जी द्वारा अध्यापन और संपादन दोनों कार्य किया गया ।

(A) 1 और 2 (B) 2 और 3

(C) 3 और 4 (D) 1, 3 और 4

(v) स्तंभ-1 को स्तंभ-2 से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

| | **स्तंभ-1** | | **स्तंभ-2** |
|---|---|---|---|
| 1. | माताजी से खाली बैठा नहीं जाता । | I. | कर्मवाच्य |
| 2. | वह खट्टे फल खाना पसंद नहीं करता । | II. | भाववाच्य |
| 3. | उससे लंबी कविता नहीं लिखी जाती । | III. | कर्तृवाच्य |

(A) (1) – (II); (2) – (III); (3) – (I)
(B) (1) – (III); (2) – (II); (3) – (I)
(C) (1) – (II); (2) – (I); (3) – (III)
(D) (1) – (I); (2) – (II); (3) – (III)



collegedunia

6. निर्देशानुसार 'पद-परिचय' पर आधारित **पाँच** बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **4 × 1 = 4**

(i) 'नवाब साहब खीरे की तैयारी और इस्तेमाल से थक कर लेट गए ।' में रेखांकित पद का परिचय है –

(A) जातिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, 'कर्ता' कारक

(B) व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, 'संबंध' कारक

(C) जातिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, 'संबंध' कारक

(D) व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, 'कर्ता' कारक

(ii) निम्नलिखित वाक्यों में से किस वाक्य में स्थानवाचक क्रियाविशेषण का प्रयोग हुआ है ?

(A) पानवाला खुशी से पान बनाने लगा ।

(B) कैप्टन बाज़ार में फेरी लगाता था ।

(C) वे लोग प्रतिवर्ष कुछ नया करते थे ।

(D) उसकी कार अचानक झटके से रुक गई ।

(iii) 'मेरी माँ पाँच भाई-बहनों में सबसे छोटी थी ।' में रेखांकित पद का परिचय है –

(A) सार्वनामिक विशेषण, एकवचन, स्त्रीलिंग, 'छोटी' विशेष्य

(B) सार्वनामिक विशेषण, एकवचन, स्त्रीलिंग, माँ विशेष्य

(C) निजवाचक सर्वनाम, एकवचन, स्त्रीलिंग, कर्ता कारक

(D) पुरुषवाचक सर्वनाम, एकवचन, स्त्रीलिंग, कर्ता कारक

(iv) 'पापा तो आज सुबह-सुबह टहलने चले गए ।' में रेखांकित पद का परिचय है –

(A) रीतिवाचक क्रियाविशेषण, 'टहलने चले गए' की विशेषता

(B) कालवाचक क्रियाविशेषण, 'टहलने चले गए' की विशेषता

(C) स्थानवाचक क्रियाविशेषण, 'टहलने चले गए' की विशेषता

(D) परिमाणवाचक क्रियाविशेषण, 'टहलने चले गए' की विशेषता

(v) 'मैं इनको देखते-सुनते ही बड़ी हुई ।' में रेखांकित पद का परिचय है –

(A) अन्यपुरुष सर्वनाम, स्त्रीलिंग, एकवचन, 'कर्ता' कारक

(B) उत्तमपुरुष सर्वनाम, स्त्रीलिंग, एकवचन, 'कर्ता' कारक

(C) सार्वनामिक विशेषण एकवचन, स्त्रीलिंग, 'कर्ता' कारक

(D) मध्यमपुरुष सर्वनाम, स्त्रीलिंग, एकवचन, 'कर्ता' कारक



collegedunia

7. पाठ्यपुस्तक में निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित **दो** प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए : **2 × 1 = 2**

(i) 'यह दंतुरित मुसकान' कविता में बच्चा अपने पिता को क्यों नहीं पहचान पाता ?

(A) माँ ने बच्चे को पिता से मिलवाया नहीं था ।

(B) छोटे बच्चे सिर्फ़ अपनी माँ को ही पहचानते हैं ।

(C) बच्चा अपने पिता को पहली बार देख रहा था ।

(D) विशेष कारणवश पिता बच्चे को देखना नहीं चाहता था ।

(ii) 'आत्मकथ्य' कविता के आधार पर लिखिए कि कवि अपने जीवन-पथ की थकान कैसे दूर करता है ?

(A) अपने अतीत की सुखद स्मृतियों के सहारे ।

(B) अपने अतीत की दुखद स्मृतियों के सहारे ।

(C) विविध प्रकार के साहित्य-मनन के सहारे ।

(D) अपनी स्मृति-अनुभवों पर आधारित साहित्य सृजन करके ।

8. निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए : **5 × 1 = 5**

मन की मन ही माँझ रही ।
कहिए जाइ कौन पै ऊधौ, नाहीं परत कही ।
अवधि अधार आस आवन की, तन मन बिथा सही ।
अब इन जोग सँदेसनि सुनि-सुनि, बिरहिनि बिरह दही
चाहति हुतीं गुहारि जितहिं तै, उत तैं धार बही ।
'सूरदास' अब धीर धरहिं क्यौं, मरजादा न लही ।।

(i) गोपियों को अपना धैर्य टूटता हुआ-सा क्यों लग रहा था ?

(A) विरहाग्नि के और बढ़ जाने के कारण ।

(B) उद्धव के योग ज्ञान को सुन-सुनकर ।

(C) उद्धव के धीरज से प्रभावित होकर ।

(D) अपने प्रति कृष्ण के शुष्क व्यवहार से ।



collegedunia

(ii) 'सूरदास' के इस 'पद' की भाषा है –

(A) ब्रज भाषा (B) अवधी भाषा

(C) पूरबी बोली (D) मिश्रित भाषा

(iii) गोपियाँ अब तक व्यथा को कैसे सहन कर रही थीं ?

(A) एक-दूसरे के दु:ख के सहारे (B) अतीत की मधुर स्मृतियों के सहारे

(C) कृष्ण के आने की आस में (D) ज्ञान के मार्ग का अनुसरण करके

(iv) सूरदास के 'पद' के अनुसार किसके मन की, कौन सी बात मन में ही रह गई ?

(A) उद्धव की, ज्ञान देने की (B) कृष्ण की, संदेश भेजने की

(C) गोपियों की, कृष्ण से मिलन की (D) उद्धव की, कृष्ण से भक्ति की

(v) गोपियों की विरहाग्नि और अधिक प्रदीप्त क्यों हो जाती है ?

(A) कृष्ण के संदेश भेजने से (B) उद्धव के आ जाने से

(C) उद्धव के योग- संदेश से (D) गोपियों के परस्पर दु:ख से

9. गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित **दो** बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए : **2 × 1 = 2**

(i) 'एक कहानी यह भी' पाठ में लेखिका की दृष्टि में उनकी माँ का व्यक्तित्व आदर्श रूप नहीं था क्योंकि

(A) उनकी माँ अपने बच्चों से भेदभाव करती थीं।

(B) उनकी माँ बहुत अधिक पढ़ी-लिखी नहीं थीं।

(C) उन्हें उनका व्यक्तित्व काफ़ी दबा-दबा सा लगता था।

(D) उनकी माँ बहुत ही आक्रामक स्वभाव की थीं।

(ii) 'संस्कृति' पाठ में सुसंस्कृत व्यक्ति में किस भाव की प्रधानता मानी गई है ?

(A) लोककल्याण की भावना (B) स्वकल्याण की भावना

(C) बंधुकल्याण की भावना (D) भाषाकल्याण की भावना



collegedunia

10. निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के उत्तर सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए : **5 × 1 = 5**

अब हालदार साहब को बात कुछ-कुछ समझ में आई । एक चश्मेवाला है जिसका नाम कैप्टन है । उसे नेताजी की बगैर चश्मेवाली मूर्ति बुरी लगती है । बल्कि आहत करती है, मानो चश्मे के बगैर नेताजी को असुविधा हो रही हो । इसलिए वह अपनी छोटी-सी दुकान में उपलब्ध गिने-चुने फ्रेमों में से एक नेताजी की मूर्ति पर फिट कर देता है । लेकिन जब कोई ग्राहक आता है और उसे वैसे ही फ्रेम की दरकार होती है जैसा मूर्ति पर लगा है तो कैप्टन चश्मेवाला मूर्ति पर लगा फ्रेम-संभवत: नेताजी से क्षमा माँगते हुए-लाकर ग्राहक को दे देता है और बाद में नेताजी को दूसरा फ्रेम लौटा देता है । वाह! भई खूब! क्या आइडिया है ।

लेकिन भाई ! एक बात अभी भी समझ में नहीं आई । हालदार साहब ने पानवाले से फिर पूछा, नेताजी का ऑरिजिनल चश्मा कहाँ गया ?

पानवाला दूसरा पान मुँह में ठूँस चुका था । दोपहर का समय था, 'दुकान' पर भीड़-भाड़ अधिक नहीं थी । वह फिर आँखों ही आँखों हँसा । उसकी तोंद थिरकी । कत्थे की डंडी फेंक, पीछे मुड़कर उसने नीचे पीक थूकी और मुसकराता हुआ बोला, मास्टर बनाना भूल गया ।

(i) पानवाला आँखों ही आँखों क्यों हँसा ?

(A) ऑरिजिनल चश्मे की बात पर, यह उसकी व्यंग्यात्मक हँसी थी ।

(B) वह हालदार साहब पर अपनी हँसी ज़ाहिर नहीं होने देना चाहता था ।

(C) हालदार साहब उसको हँसते देखकर बुरा भी मान सकते थे ।

(D) आँखों ही आँखों हँसना पानवाले की बहुत पुरानी आदत थी ।

(ii) 'मास्टर बनाना भूल गया ।' – यहाँ मास्टर के संदर्भ में अनुपयुक्त विकल्प है –

(A) मूर्तिकार (B) मोतीलाल

(C) ड्रॉइंग टीचर (D) कैप्टन

(iii) ग्राहक नेताजी की मूर्ति पर लगा चश्मे का फ्रेम क्यों ले लेते थे ?

(A) नेताजी के प्रति अपना सम्मान व्यक्त करने के लिए ।

(B) ग्राहक नेताजी के समान दिखना चाहते थे ।

(C) नेताजी पर लगे होने के कारण वह उन्हें पसंद आ जाता था ।

(D) कैप्टन अपने फ्रेमों को उसी मूर्ति पर लगा देता था ।



collegedunia

(iv) 'अब हालदार साहब को बात कुछ-कुछ समझ में आई ।' इस पंक्ति के संदर्भ में लिखिए कि हालदार साहब क्या समझ गए ?

(A) मूर्ति के चश्मे के बार-बार बदले जाने का कारण ।

(B) मूर्ति की आँखों पर चश्मा न होने का कारण ।

(C) ग्राहकों द्वारा चश्मा न खरीदे जाने का कारण ।

(D) पानवाले और कैप्टन की परस्पर दोस्ती का कारण ।

(v) 'कैप्टन मूर्ति से चश्मे का फ्रेम उतारते हुए उनसे क्षमा भी माँगता होगा' लेखक के इस अनुमान का क्या कारण रहा होगा ?

(A) नेताजी के प्रति कैप्टन का अति विश्वास से भरा व्यवहार ।

(B) नेताजी के प्रति कैप्टन का दिखावे से भरा आचरण ।

(C) कैप्टन को यह लगना कि चश्मे के बिना नेताजी तकलीफ में हैं ।

(D) कैप्टन की सोच के बारे में लेखक का अनुमान सर्वथा गलत होना ।

## खंड – ब
## (वर्णनात्मक प्रश्न)

11. पूरक पाठ्यपुस्तक के पाठों पर आधारित निम्नलिखित **तीन** प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर लगभग **50-60** शब्दों में लिखिए : $2 \times 4 = 8$

(क) भोलानाथ और उसके दोस्तों के खेल आज के बच्चों के खेलों से किस रूप में भिन्न है ? आपको दोनों में से कौन से खेल अधिक पसंद हैं और क्यों ?

(ख) 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ के आधार पर लिखिए कि 'खेदुम' क्या है ? इसके बारे में गैंगटोकवासियों का क्या विश्वास है ? क्या उन्हें सही माना जा सकता है ? तर्कसंगत उत्तर दीजिए ।

(ग) एक कृतिकार के लेखन और रचना के पीछे क्या-क्या कारण हो सकते हैं ? 'मैं क्यों लिखता हूँ' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।



collegedunia

12. गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित **चार** प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग **25-30** शब्दों में लिखिए : **3 × 2 = 6**

(क) 'एक कहानी यह भी' की लेखिका के जीवन से आपको क्या प्रेरणा मिलती है ?

(ख) 'नौबतखाने में इबादत' पाठ में काशी के प्राचीन और पारंपरिक संगीत का विवरण प्रस्तुत कीजिए।

(ग) नवाब साहब और लेखक दोनों की इच्छा खीरा खाने की थी फिर भी उन्होंने खीरा क्यों नहीं खाया ?

(घ) कैसे कह सकते हैं कि "बालगोबिन भगत का जीवनचरित सामाजिक रूढ़ियों की उपेक्षा करता है।" – पाठ के आधार पर लिखिए।

13. निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित **चार** प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग **25-30** शब्दों में लिखिए। **3 × 2 = 6**

(क) 'रामलक्ष्मण परशुराम संवाद' कविता के आधार पर लिखिए कि रघुकुल में किस–किस पर वीरता का प्रदर्शन नहीं किया जाता और क्यों ?

(ख) 'उत्साह' शीर्षक की सार्थकता पर प्रकाश डालिए।

(ग) 'संगतकार' कविता में 'आवाज़ से राख जैसा कुछ गिरता हुआ' – किस संदर्भ में कहा गया है ? कारण सहित स्पष्ट कीजिए।

(घ) 'फसल' कविता में कवि ने फसल के बारे में क्या कहा है ? फसल उपजाने में अपेक्षित तत्त्वों का उल्लेख कीजिए।

14. (क) 'स्वस्थ तन, स्वस्थ मन' विषय पर जागरूकता लाने के लिए लगभग **40** शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए। **4**

**अथवा**

(ख) आप मैथिली/मिथिलेश्वर हैं। आपके बड़े भाई साहब स्कूल बैग बनाने का कारखाना शुरू करने जा रहे हैं। उन्हें शुभकामनाएँ देते हुए लगभग **40** शब्दों में एक संदेश लिखिए। **4**



collegedunia

15. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग **120** शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए : **6**

(क) बढ़ती जनसंख्या : गहराता संकट
भूमिका, वर्तमान में चर्चा का कारण, संकट कैसे, समाधान

(ख) हरित ऊर्जा : सुरक्षित भविष्य
भूमिका, अर्थ, प्रभाव, समस्याएँ, समाधान

(ग) सोशल मीडिया : जागरूकता आवश्यक
भूमिका, वर्तमान स्थिति, जागरूकता की आवश्यकता क्यों, प्रभाव

16. (क) आपका नाम अनामिका/अनामय है । भाषा में सुधार हेतु नियमित समाचार पत्र-पत्रिकाएँ पढ़ने की आदत का महत्त्व बताते हुए छोटे भाई को लगभग **100** शब्दों में एक पत्र लिखिए । **5**

**अथवा**

(ख) आपका नाम अनामिका/अनामय है । पिछले महीने आपने अपना घर बदला है । अपने बैंक खाते में पुराने पते के स्थान पर अपना नया पता बदलवाने के लिए संबंधित बैंक प्रबंधक को लगभग **100** शब्दों में एक पत्र लिखें । **5**

17. (क) आप धनुश्री/धनुष हैं । सोशल मीडिया से आपको जानकारी मिली है कि राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय में जूनियर कलाकार का पद रिक्त है । आपको लगता है कि आप इस पद के योग्य हैं । राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय को भेजने के लिए लगभग **80** शब्दों में अपना एक संक्षिप्त स्ववृत्त लिखिए । **5**

**अथवा**

(ख) आप धनुश्री/धनुष हैं । अपने क्षेत्र में जलभराव की समस्या की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए अपने शहर के नगर निगम/नगरपालिका को लगभग **80** शब्दों में ई-मेल लिखिए । **5**


collegedunia